विकास आयुक्त कार्यालय
छत्तीसगढ़, रायपुर

// आदेश //

रायपुर, दिनाँक 03/09/2015

क्रमांक 5825 /2381/स्था/22/वि–3/ग्रा.यां.सेवा/2012 :: कलेक्टर, जिला कोण्डागाँव की अध्यक्षता में गठित समिति की अनुशंसा के आधार पर निम्नलिखित उम्मीद्वारों को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न रूप से ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत् ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में **सहायक श्रेणी–3** के पद पर वेतनमान रुपये 5200–20200 ग्रेड वेतन 1900 के न्यूनतम् वेतन पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर नियुक्त किया जाकर, उनके नाम के सामने दर्शाये गये कार्यालय में पदस्थ किया जाता है :–

क्र.	अभ्यर्थी का नाम	श्रेणी	पत्र व्यवहार का पता	पदस्थापना का कार्यालय
1	2	3	4	5
1	श्री यामेन्द्र कुमार बेलसरिया, पिता श्री महेश राम बेलसरिया	अजजा (मुक्त)	ग्राम कांगा, नयापारा, पो. मर्दापाल, तह.व जिला कोण्डागांव	कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रा.यां.सेवा संभाग, कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव
2	श्री संतोष कुमार सोरी पिता श्री सोमी राम सोरी	अजजा (मुक्त)	ग्राम खंडाम, पो. सोनाबाल,तह. व जिला कोण्डागांव	कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी, ग्रा.यां.सेवा उपसंभाग, केशकाल जिला कोण्डागांव
3	श्री प्रकाश कुमार नेताम, पिता श्री सोनूराम नेताम	अजजा (मुक्त)	जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव	कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी, ग्रा.यां.सेवा उपसंभाग, बड़ेराजपुर, जिला कोण्डागांव
4	श्री सोनाराम सोरी, पिता श्री आयतुराम सोरी	अजजा (मुक्त)	ग्रा.कोटवेल, पो.बरकई, तह. माकड़ी, जिला कोण्डागांव	कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी, ग्रा.यां.सेवा उपसंभाग, माकड़ी, जिला कोण्डागांव
5	कु. गरिमा मरकाम, पिता स्व. श्री फूलसिंह मरकाम	अजजा (महिला)	द्वारा श्री रामाधीन नरेटी, GADH-5R-24, सिविल लाईन, कोण्डागांव	कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रा.यां.सेवा संभाग, कोण्डागांव जिला कोण्डागांव
6	कु. निर्मला मरकाम, पिता श्री जेठूराम मरकाम	अजजा (महिला)	ग्राम चुरेगांव, पो. बोरगांव, तह. व थाना फरसगांव, जिला कोण्डागांव, पिन–494229	कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी, ग्रा.यां.सेवा उपसंभाग, फरसगांव, जिला कोण्डागांव

नियुक्ति की शर्तें निम्नानुसार है :–

1. छत्तीसगढ़ शासकीय सेवा अस्थाई तथा अर्द्धस्थायी सेवा नियम 1960 नियम–12 के अनुसार उम्मीद्वार की सेवाएं किसी भी समय किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की लिखित सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन व भत्ता देकर समाप्त की जा सकेगी।

2. उम्मीद्वार के द्वारा एक माह का नोटिस दिये बिना या उसके एवज में एक माह का वेतन तथा भत्ते का भुगतान किये बिना शासकीय सेवा छोड़ने पर उक्त शर्तों पर देय रकम उम्मीद्वार से भू–राजस्व के बकाया की भांति वसूली योग्य होगी।

3. परिवीक्षा अवधि कुशलतापूर्वक पूर्ण करने पर नियमानुसार कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से नियमित नियुक्ति मानी जावेगी।

4. परिवीक्षा अवधि में किसी प्रकार का स्थानांतरण आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। परिवीक्षा अवधि में यदि स्थानांतरण आवेदन प्रस्तुत किया जावेगा तो उम्मीद्वार को उक्त पद के लिए अयोग्य मानते हुए उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी जावेगी।

5. प्रमाणित किया जाता है कि नियुक्ति में शासन द्वारा निर्धारित आरक्षण नियमों का पालन किया गया है।

6. उम्मीद्वार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र पदभार ग्रहण करते समय प्रस्तुत करना होगा।

7. नियुक्ति स्थान पर पदभार ग्रहण करने हेतु किसी भी प्रकार की कोई भत्ता देय नहीं होगा।

8. उम्मीद्वार को इस आदेश की प्राप्ति के दिनांक से 30 दिनों के अंदर अपने नाम के समक्ष दर्शाये गये स्थान में कार्यालयीन समय /दिवस पर संबंधित अधिकारी को उपस्थिति देनी होगी, अन्यथा यह मानकर कि वे इस पद पर नहीं आना चाहते हैं, उनकी नियुक्ति आदेश निरस्त समझा जावेगा।

9. पदस्थापना कार्यालय में उपस्थिति देते समय शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, उच्च स्तरीय छानबीन समिति से सत्यापित जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्रों की मूल प्रति प्रस्तुत करेंगे।

10. सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ–13–4/2006/आ.प्र./1–3, नया रायपुर, दिनाँक 29 जून, 2013 की कंडिका–6(2) अनुसार आरक्षित पद पर नियुक्त अभ्यर्थी को उपस्थिति के समय संलग्न प्रारूप (एक) में शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

11. आरक्षित प्रवर्ग – (अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति /अन्य पिछड़ा वर्ग) के सदस्य होने संबंधी दी गई जानकारी /प्रमाण पत्र यदि गलत पाये गये तो संबंधित अधिकारी द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना दिये सेवा से पृथक कर दिया जावेगा, जिसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगा तथा उसके विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता के प्रावधानों के तहत् कार्यवाही भी की जा सकेगी।

3/09/13

12. चयनित अभ्यर्थी उपस्थिति प्रस्तुत करते समय संलग्न प्रपत्र में अनुप्रमाणन प्रमाण पत्र भरकर शपथ पत्र के साथ प्रस्तुत करें।

13. पुलिस अधीक्षक से प्राप्त चरित्र सत्यापन प्रमाण पत्र में आपराधिक गतिविधियां पाये जाने पर बिना कारण बताये सेवाएं तत्काल समाप्त की जावेगी।

14. वित्त विभाग के ज्ञापन क्रमांक 980/सी–761/वि/नि./चार/4, दिनांक 27.02.2004 के अनुसार नियुक्त अभ्यर्थियों के लिए नयी परिभाषित अंशदान आधारित पेंशन योजना लागू होगा।

15. परिवीक्षा अवधि समाप्त होने पर अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ राज्य के **कोण्डागाँव** जिले में कहीं भी उक्त पद एवं वेतनमान पर स्थानांतरण किया जा सकता है, इसके विरूद्ध कोई अभ्यावेदन या याचिका स्वीकार्य नहीं की जावेगी। नियुक्ति के मूल पद पर अभ्यर्थी को अन्य जिले में स्थानांतरण की पात्रता नहीं होगी।

16. पदस्थ किये गये **सहायक वर्ग–3** के कार्यभार ग्रहण करने की जानकारी संबंधित अधिकारी द्वारा इस कार्यालय को तत्काल अवगत् कराया जावे।

17. उक्त नियुक्ति रिट पीटीशन (सी) क्रमांक 591/2012 में माननीय छ.ग. उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा पारित अंतिम निर्णय के अध्यधीन होगी।

(विकास आयुक्त द्वारा अनुमोदित)

4/9/15

(एस.एन.श्रीवास्तव)
मुख्य अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
विकास आयुक्त कार्यालय
छत्तीसगढ़, रायपुर

पृ.क्र. 5825/2381/स्था/22/वि–3/ग्रा.यां.सेवा/14 रायपुर, दिनाँक 03/09/2015

प्रतिलिपि :–

1. अपर मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर।
2. संभागीय आयुक्त, बस्तर।
3. अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, बस्तर मण्डल, जगदलपुर।
4. कलेक्टर, जिला कोण्डागाँव, छत्तीसगढ़।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कोण्डागाँव, छत्तीसगढ़।
6. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, चिप्स **(CHiPS),** आरडीए बिल्डिंग द्वितीय तल, शास्त्री चौक, जी.ई. रोड रायपुर, छत्तीसगढ़ को उक्त आदेश की प्रति शासकीय पोर्टल में उपलब्ध कराने हेतु प्रेषित।
7. राज्य सूचना अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना केन्द्र **(NIC)** रायपुर छत्तीसगढ़ को उक्त आदेश की प्रति एवं संलग्न शपथ पत्र प्रारूप (एक) ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के पोर्टल में उपलब्ध कराने हेतु प्रेषित।

8. कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग कोण्डागाँव, जिला कोण्डागाँव की ओर उनके पत्र क्रमांक 1238, दिनाँक 11.06.2015 के तारतम्य में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
9. अनुविभागीय अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग, केशकाल/बड़ेराजपुर /माकड़ी/फरसगाँव, जिला कोण्डागाँव।
10. संबंधित श्री/श्रीमती/कु. ..... की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ। अनुप्रमाणन फार्म एवं शपथ पत्र प्रारूप संलग्न है। कृपया 10/– के नान ज्यूडिशियल स्टाम में नोटरी से सत्यापित कराकर शपथ एवं अनुप्रमाणन फार्म भरकर, दो प्रति में कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोण्डागाँव, जिला कोण्डागाँव में जमा करें।

5/05/15

मुख्य अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
विकास आयुक्त कार्यालय
छत्तीसगढ़, रायपुर